(ग) इन योजनाओं पर कुल निवेश लगभग 380 करोड़ रुपये आएगा और इन्हें छठी और सातवीं योजनाओं के दौरान कार्यान्वित किया जाएगा । झरिया पुनर्गठन परियोजना पर, उसका सन् 2000 ईस्वी तक कार्यान्वयन करने के लिए, कुल निवेश 5300 करोड़ रुपए होगा ।

उज्जन में नये टेलीफोन कनेक्शनों के लिए प्रतीक्षा सूची

3627. **श्री सत्यनारायण जटिया :** क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उज्जैन टेलीफोन एक्सचेंज की वर्तमान टेलीफोन क्षमता कितनी है और प्रतीक्षा-सूची में कितने व्यक्ति हैं तथा प्रतीक्षा–सूची वाले आवेदकों को टेलीफोन कब तक दे दिये जायेंगे ;

(ख) उज्जैन टेलीफोन एक्सचेंज को वातानुकूलित बनाने का काम कब तक पूरा हो जाना चाहिए था और क्या वातानुकूलन कार्य इस बीच पूरा हो गया है; और

(ग) क्या उज्जैन 'डी० ई० टी०' के अन्तर्गत सभी एक्सचेंजों में कर्मचारियों की संख्या वहां के कार्य-भार की आवश्यकता के अनुरूप है और यदि कहीं कोई कमी है तो उन स्थानों के नाम क्या हैं और वहां इनकी संख्या कब तक बढ़ाई जायेगी ।

संचार मंत्री (श्री सी० एम० स्टीफन) :

(क) उज्जैन टेलीफोन एक्सचेंज की सज्जित क्षमता	2400 लाइनें
23-2-1982 को प्रतीक्षा सूची में व्यक्तियों की संख्या	400

ऐसी आशा की जाती है कि एक्सचेंज का विस्तार कार्यक्रम पूरा हो जाने पर 1984–85 तक प्रतीक्षा-सूची के अधिकांश आवेदकों को टेलीफोन कनेक्शन प्रदान कर दिए जाएंगे ।

(ख) उज्जैन टेलीफोन एक्सचेंज के वातानुकूलन का लक्ष्य दिसम्बर, 1981 था सांविधिक मौसमी परीक्षण पूरे हो जाने के बाद मई 1982 में इस संयंत्र के चालू हो जाने की संभावना है ।

(ग) उज्जैन तथा नागदा के एक्सचेंजों में कुछ कमी है । यथाशीघ्र रिक्तियों को भरने के लिए कार्रवाई पहले से ही आरम्भ कर दी गई है ।

मध्य प्रदेश में बिजली उत्पादन और "बाल्को" तथा भिलाई-इस्पात संयंत्र को सप्लाई

3628. **श्री सत्यनारायण जटिया :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिजली का उत्पादन करने वाले संयंत्रों में खराबी के कारण 1981-82 के दौरान मध्य प्रदेश में कितने लाख यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया जा सका;

(ख) "बाल्को" (अल्युमिनियम का उत्पादन करने वाला एक संयंत्र) और भिलाई इस्पात संयंत्र की अलग-अलग कितने मेगावाट बिजली की मांग थी और क्या इन संयंत्रों को इनकी मांग के अनुसार बिजली सप्लाई की गई थी और यदि नहीं, तो 1981-82 में इन संयंत्रों में से प्रत्येक के उत्पादन पर किस सीमा तक प्रतिकूल प्रभाव पड़ा ; और

(ग) मध्य प्रदेश में 1981-82 के दौरान दिनांकवार बिजली का न्यूनतम और अधिकतम उत्पादन कितने मेगावाट हुआ ?

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन) : (क) मध्य प्रदेश में 7555 मिलियन यूनिट के लक्ष्य की तुलना में वर्ष 1981-82 के दौरान 6757 मिलियन यूनिट ताप विद्युत् उत्पादन होने की आशा है। इसलिए ऊर्जा उत्पादन में लगभग 798 मिलियन यूनिट की कमी रही है, इसके विभिन्न कारण हैं जिसमें उत्पादन यूनिटों में दोषों का होना भी शामिल है दोषों के कारण उत्पादन क्षमता में हुई हानि का अलग से अनुमान नहीं लगाया जा सका है। उत्पादन संयंत्र में दोष के कारण गांधी सागर जल विद्युत् केन्द्र के उत्पादन में कोई कमी नहीं हुई।

(ख) बालको की अनुबन्धित मांग 5 मई, 1981 से 170 मेगवाट है। बालको की अधिकतम मांग पर 2 नवम्बर, 1981 तक 25 प्रतिशत की कटौती थी जो 3 नवम्बर, 1981 से बढ़ा कर 35 प्रतिशत कर दी गई थी। 1981-82 के सारे वर्ष के दौरान 18.00 बजे से 22.00 बजे के दौरान प्रतिदिन 30 प्रतिशत की अतिरिक्त अधिकतम कटौती रही। भिलाई इस्पात संयंत्र की अनुबंधित मांग 110 एम० वी० ए० है। बी एस पी० की सप्लाई पर दिन के समय 45 प्रतिशत की कटौती लागू है और 3 नवम्बर, 1981 से 1800 बजे से 2200 बजे तक 30 प्रतिशत अतिरिक्त कटौती लागू है। तथापि, प्रौद्योगिकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए संध्या के व्यस्ततम घण्टों के दौरान 65 एम० वी० ए० और दिन के अन्य घण्टों में अनुबन्धित मांग की मात्रा तक बिजली देने के लिए मध्य प्रदेश विद्युत बोर्ड ने स्वीकृति दे दी है। विद्युत् कटौतियों के कारण बालको और भिलाई को हुई हानि का अनुमान लगाना संभव नहीं है।

(ग) वर्ष 1981-82 के दौरान ताप विद्युत् और जल विद्युत् केन्द्रों से मध्य प्रदेश का अधिकतम विद्युत् उत्पादन 1158 मेगावाट था। यह 15 दिसम्बर, 1981 को 20.00 बजे प्राप्त किया गया था। मध्य प्रदेश में न्यूनतम विद्युत् उत्पादन 24 जून, 1981 को 17.00 बजे 390 मेगावाट था।

Global Tenders for Exchange of Bombay High Crude for Arab Light Crude

3629. SHRI S. M. KRISHNA: Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether global tenders were floated for exchange of Bombay High crude with Arab light crude;

(b) if so, the number of applications received in this respect; and

(c) the action taken so far on these applications?

THE MINISTER OF PETROLEUM; CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI P. SHIV SHANKAR): (a) to (c). Limited tenders have been floated during 1981-82 for the exchange of Bombay High crude oil. Arrangements have been so far finalised with Transworld Co. Bermuda for exchange of one million tonnes of Bombay High crude oil in 1982 with equivalent quantity of Arabian crude oils. Arrangements have also been finalised for exchange of additional quantities of Bombay High crude oil with equivalent quantities of crude oil and also with petroleum products.

It would not be in public interest to disclose further details in this regard.